दैनिक जागरण 13/12/2024

खेलों से फिट इंडिया मूवमेंट के प्रति विद्यार्थियों को किया जागरूक

जागरण संवाददाता • अंबाला: गांधी मेमोरियल नेशनल (जीएमएन) कालेज में एनएसएस इकाई में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत स्वदेशी खेलों का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ कालेज के प्राचार्य डा. रोहित दत्त द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि स्वदेशी खेल किसी समुदाय की संस्कृति और विरासत का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और वे लोगों की परंपराओं और कहानियों को संरक्षित करते हैं।

वे लोगों को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने में भी मदद कर सकते हैं। स्वदेशी खेल बच्चों को उनके शारीरिक कौशल, भाषा और गणित कौशल विकसित करने में मदद कर सकते हैं। डा. सरोज ने बताया कि ये खेल शिक्षार्थियों को आलोचनात्मक और रचनात्मक सोच कौशल विकसित करने और पर्यावरण के बारे में सकारात्मक होने में भी मदद कर सकते हैं। इस शिविर में लगभग 100 एनएसएस स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया।

इसी तरह डा. चंद्रपाल पूनिया की अध्यक्षता में विद्यार्थियों और स्टाफ के बीच अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सुशील बख्शी ने आग लगने की स्थिति में कैसे बचाव करें, उसके बारे में बताया। दूसरी ओर कालेज में लाइब्रेरी विभाग द्वारा ई-रिसोर्स के तहत एन-लिस्ट कंसोर्टियम के प्रति जागरूक किया गया।

अंबाला कैंट के जीएमएन कालेज में फिट इंडिया मूवमेंट के तहत आयोजित कैंप में भाग लेते विद्यार्थी • सौजन्य विज्ञप्ति